वी.यू. में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली

आज दिनांक 08 अगस्त को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन एवम निर्देशन में तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ए.पी. सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें यात्रा महाविद्यालय परिसर से आरंभ हो कर विश्वविद्यालय प्रांगण, पशुधन प्रक्षेत्र परिसर सहित कर्मचारी आवास तक पथ संचलन किया गया, कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय कुलसचिव, डॉ. श्रीकांत जोशी ने समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवम छात्र–छात्राओं के साथ राष्ट्रहित में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवम गौरव का संकल्प लिया, इस दौरान अधिष्ठाता, डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने महाविद्यालय को संबोधित करते हुए तिरंगे के उद्भव एवम महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। रैली के दौरान महाविद्यालय मत्स्य प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ शशीकांत महाजन, सह प्राध्यापक, डॉ. पी.के सिंह, डॉ. माधुरी शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे, डॉ. प्रीति मिश्रा, श्री शिवमोहन सिंह, श्रीमति अर्चना शर्मा, शांभवी शेवड़े, बीरबल कुलस्ते, इमरान खान, श्री प्रतीक कुमार तिवारी, एवम श्री शुभेंदु द्विवेदी, ने विशेष भूमिका निभाई। महाविद्यालय के छात्र एवम छात्राऐं इस रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रभारी डॉ. सोना दुबे द्वारा तैयार की गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर